# प्रेस नोट- थाना मिर्जापुर

## जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

### सराहनीय कार्य दिनांक- 21.09.2026

# थाना मिर्जापुर पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही, गोलीकांड के अभियोग में फरार 03 वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय से NBW वारंट प्राप्त ।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष मिर्जापुर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम, चोरी-लूट-अवैध शराब/शस्त्र बिक्री-निर्माण व अभियान तलाश वांछित/वारन्टी अपराधी के क्रम में थाना मिर्जापुर पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई ।

**संक्षिप्त विवरण –**

दिनांक 24.04.2026 को वादिनी सनाया किन्नर पुत्री सत्यदेव किन्नर निवासी बरेली द्वारा अपने साथी सोनम किन्नर एवं राहुल को गोली मारने के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 164/2026 धारा 191(2)/191(3)/109(1)/126(2) बीएनएस बनाम चांदनी किन्नर आदि 05 नफर पंजीकृत कराया गया था। दौराने विवेचना अभियुक्तगण (1) धीरू तिवारी उर्फ आदेश पुत्र गंगा सेवक निवासी सेहरामऊ दक्षिणी, जनपद शाहजहाँपुर, (2) अताव अली पुत्र श्यामुद्दीन निवासी नब्बी नगला, थाना कादर चौक, जनपद बदायूँ एवं (3) रवि उर्फ राविया उर्फ हजरत पुत्र अवरीन निवासी अंगूरी नगला, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली के नाम प्रकाश में आए। विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में धारा 3(5)/61(2) बीएनएस एवं 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। उक्त अभियोग में अभियुक्त (1) राघवेन्द्र पुत्र सतेंद्र निवासी म्याऊँ, जनपद बदायूँ, (2) धीरू तिवारी उर्फ आदेश पुत्र गंगा सेवक निवासी सेहरामऊ दक्षिणी, जनपद शाहजहाँपुर एवं (3) अताव अली पुत्र श्यामुद्दीन निवासी नब्बी नगला, थाना कादर चौक, जनपद बदायूँ को थाना स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है। शेष वांछित अभियुक्तगण (1) चांदनी किन्नर उर्फ चंद्रभान पुत्री ओंकार निवासी हजरत, जनपद बदायूँ, (2) रवि उर्फ राविया उर्फ हजरत पुत्र अवरीन निवासी अंगूरी नगला, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली एवं (3) आसिफ पुत्र कल्लू निवासी सुल्तानपुर, थाना लक्सर, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड लगातार फरार चल रहे हैं। उक्त तीनों वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु माननीय न्यायालय से गैर-जमानती वारंट (NBW) प्राप्त किए गए हैं। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही नियमानुसार अमल में लाई जाएगी।

**अभियुक्त का विवरण:-**

1. राघवेन्द्र पुत्र सतेंद्र, निवासी म्याऊँ, जनपद बदायूँ।
2. धीरू तिवारी उर्फ आदेश पुत्र गंगा सेवक, निवासी सेहरामऊ दक्षिणी, जनपद शाहजहाँपुर।
3. अताव अली पुत्र श्यामुद्दीन, निवासी नब्बी नगला, थाना कादर चौक, जनपद बदायूँ।
4. चांदनी किन्नर उर्फ चंद्रभान पुत्री ओंकार, निवासी हजरत, जनपद बदायूँ।
5. रवि उर्फ राविया उर्फ हजरत पुत्र अवरीन, निवासी अंगूरी नगला, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली।
6. आसिफ पुत्र कल्लू, निवासी सुल्तानपुर, थाना लक्सर, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

## पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 164/2026 धारा 191(2)/191(3)/109(1)/126(2) बीएनएस बनाम चांदनी किन्नर आदि 05 नफर, थाना मिर्जापुर, जनपद शाजहाँपुर।

## गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके अभियुक्तगणः-

1. राघवेन्द्र पुत्र सतेंद्र, निवासी म्याऊँ, जनपद बदायूँ।
2. धीरू तिवारी उर्फ आदेश पुत्र गंगा सेवक, निवासी सेहरामऊ दक्षिणी, जनपद शाहजहाँपुर।
3. अताव अली पुत्र श्यामुद्दीन, निवासी नब्बी नगला, थाना कादर चौक, जनपद बदायूँ।

## वर्तमान में वांछित/फरार अभियुक्तगण

1. चांदनी किन्नर उर्फ चंद्रभान पुत्री ओंकार, निवासी हजरत, जनपद बदायूँ।
2. रवि उर्फ राविया उर्फ हजरत पुत्र अवरीन, निवासी अंगूरी नगला, थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली।
3. आसिफ पुत्र कल्लू, निवासी सुल्तानपुर, थाना लक्सर, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

**वांछित अभियुक्तगण के विरुद्ध माननीय न्यायालय से NBW वारंट प्राप्त किए जा चुके हैं।**